# अमृत विचार

| बरेली | सोमवार, 14 सितंबर 2026.


**PAGE NO. 5: BOTTOM**

## रक्तदान से जायंट्स वीक का हुआ शुभारंभ



बरेली, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप ऑफ बरेली की ओर से जायंट्स वीक 2026 का शुभारंभ रविवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ हुआ। ग्रुप के सदस्यों ने रक्तदान किया। ग्रुप के अध्यक्ष अभय जसोरिया ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने का आह्वान किया। सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि संगठन विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रम करता रहा है। मेदांता ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डा. राजीव गोयल, डा. ऋतु राजीव के सहयोग व मुदित अग्रवाल के समन्वय से आई मेडिकल टीम ने सदस्यों के ईसीजी, लंग फंक्शन टेस्ट, बोन मिनरल डेंसिटी सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए। कार्यक्रम संयोजक असित माहेश्वरी, रमेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, डा. मुकुल, हिमानी अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, मोना अग्रवाल, रोली अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।


# अमृत विचार

| बरेली | सोमवार, 14 सितंबर 2026.


**PAGE NO. 7: MIDDLE**

## एसआरएमएस: वर्कशाप में डेढ़ दर्जन से ज्यादा मरीजों का ऑपरेशन




बरेली, अमृत विचार : रेक्टल प्रोलैप्स, ग्रेड 3 बवासीर, पेरिअनल एब्सेस, एनल फिशर, एनल फिस्टुला और पाइलोनाइडल साइनस जैसी तकलीफों का सामना कर रहे डेढ़ दर्जन से ज्यादा मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन के साथ एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशॉप का रविवार को समापन हुआ। लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. एसके सागर, डा. जितेन चौधरी ने, डा. मधुकर पाई, डा. मधुबाला, डा. हरीश गौड़ा ने मरीजों का ऑपरेशन किया। सभी चिकित्सकों ने कांफ्रेंस को सफल बताया। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, एसोसिएशन ऑफ सर्जन आफ इंडिया के बरेली चैप्टर के अध्यक्ष डा. कौशल कुमार, सेक्रेटरी डा. सुजॉय मुखर्जी, कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप के सेक्रेटरी एवं एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया के बरेली चैप्टर के ट्रेजरार डा. अमित सिंह, डेलीगेट्स और पीजी विद्यार्थी मौजूद रहे।